NBT
नवभारत टाइम्स
Hindi

# आईआईटी भुवनेश्वर के 55 प्रतिशत स्नातक छात्रों का तीन दिन के अंदर प्लेसमेंट हुआ

**डिसक्लेमर:**यह आर्टिकल एजेंसी फीड से ऑटो-अपलोड हुआ है। इसे नवभारतटाइम्स.कॉम की टीम ने एडिट नहीं किया है।

**भुवनेश्वर, नौ दिसंबर (भाषा) आईआईटी भुवनेश्वर में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में स्नातक के अंतिम वर्ष के आधे से अधिक छात्रों का तीन दिनों के अंदर ही प्लेसमेंट हो गया। संस्थान ने बृहस्पतिवार को बयान जारी कर दावा किया कि बीटेक के 55 फीसदी से अधिक छात्रों का प्लेसमेंट हो गया है और पहली बार प्लेसमेंट सत्र के दौरान इतने कम समय में इतनी अधिक संख्या में छात्रों को नौकरियां मिली हैं। आईआईटी ने बताया कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, फ्लिपकार्ट, अमेजन, गोल्डमैन सैश, पेटीएम, ओरेकल और टाटा स्टील जैसी कई बड़ी कंपनियां इस बार प्लेसमेंट के लिए आई हैं।**

भुवनेश्वर, नौ दिसंबर (भाषा) आईआईटी भुवनेश्वर में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में स्नातक के अंतिम वर्ष के आधे से अधिक छात्रों का तीन दिनों के अंदर ही प्लेसमेंट हो गया।

संस्थान ने बृहस्पतिवार को बयान जारी कर दावा किया कि बीटेक के 55 फीसदी से अधिक छात्रों का प्लेसमेंट हो गया है और पहली बार प्लेसमेंट सत्र के दौरान इतने कम समय में इतनी अधिक संख्या में छात्रों को नौकरियां मिली हैं।

आईआईटी ने बताया कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, फ्लिपकार्ट, अमेजन, गोल्डमैन सैश, पेटीएम, ओरेकल और टाटा स्टील जैसी कई बड़ी कंपनियां इस बार प्लेसमेंट के लिए आई हैं।

बयान के अनुसार पिछले वर्ष छात्रों को 16 लाख रुपये प्रति वर्ष वेतन की औसत पेशकश की गई थी जो इस बार बढ़कर 24 लाख रुपये प्रति वर्ष औसत हो गई है।

https://navbharattimes.indiatimes.com/state/other-states/other-cities/55-percent-graduate-students-of-iit-bhubaneswar-got-placement-within-three-days/articleshow/88190127.cms?utm_source=Whatsapp_Wap_stickyAS&utm_campaign=nbtmobile&utm_medium=referra